.आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार एकांश

देहरादून (उत्तराखण्ड)

रविवार 10.05.2026

समय 1305

मुख्य समाचार :–

- मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा है कि लोकतंत्र को मजबूत करने में प्रत्येक मतदाता की भागीदारी होनी चाहिए।
- केंद्र सरकार ने श्रम संहिता के लिए नए दिशा–निर्देश जारी किए हैं।
- राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की और से उधमसिंहनगर जिले के सभी न्यायालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। ।
- और, देहरादून में पुलिस द्वारा वीकेंड पर विशेष यातायात प्लॉन लागू किया गया है।

.........................................................

मुख्य निर्वाचन आयुक्त

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा है कि लोकतंत्र को मजबूत करने में प्रत्येक मतदाता की भागीदारी होनी चाहिए। आज तिरूपति में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने पश्चिम बंगाल, असम, केरल, पुद्दुचेरी और तमिलनाडु में सफल और शांतिपूर्ण चुनाव पर संतोष व्यक्त किया।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त दो दिन के तिरूपति दौरे पर हैं। उन्होंने आज सुबह तिरूमला में श्री व्यंकटेश्वर मंदिर में पूजा अर्चना की।

.........................................................

श्रम संहिता

केंद्र सरकार ने श्रम संहिता के लिए नए दिशा–निर्देश जारी किए हैं। इससे केंद्रीय मंत्रालयों, विभागों, स्वायत्त निकायों और केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में कार्यरत आउटसोर्स और संविदा कर्मचारियों की सुरक्षा को मजबूती मिलेगी।

श्रम और रोजगार मंत्रालय ने कहा कि इन सुधारों का उद्देश्य समय पर वेतन का भुगतान, अनिवार्य सामाजिक सुरक्षा अंशदान, ठेकेदारों और प्रमुख नियोक्ताओं की अधिक जवाबदेही तथा श्रम कानूनों के उल्लंघन के खिलाफ मजबूत प्रवर्तन व्यवस्था सुनिश्चित होगी। निर्देशों में इस बात पर बल दिया गया है कि व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य परिस्थिति संहिता, 2020 की धारा 55–3 के अंतर्गत, मुख्य नियोक्ता के लिए यह सुनिश्चित करना आवश्यक होगा कि ठेकेदार समय पर वेतन का भुगतान करें।

.........................................................

बागेश्वर

बागेश्वर जिले की सुंदरढूंगा घाटी में 15 हजार 92 फीट ऊंचे कनकाटा दर्रा को युवा ट्रेकर्स की एक टीम ने कठिन परिस्थितियों के बीच तीन दिनों में सफलतापूर्वक पूरा कर लिया। कनकाटा दर्रा को

सुंदरढूंगा घाटी के सबसे कठिन और रोमांचक ट्रेकों में गिना जाता है। दुर्गम पहाड़ी रास्ते, बर्फ से ढके ट्रैक और ऊंचाई पर ऑक्सीजन की कमी जैसी चुनौतियों के बावजूद टीम ने साहस, धैर्य और मजबूत टीम भावना का परिचय दिया। ट्रेक के दौरान कई बार खराब मौसम ने मुश्किलें बढ़ाईं, लेकिन टीम के सदस्यों ने संयम और आपसी तालमेल के साथ हर बाधा को पार किया। माउंटेन गाइड और अभियान दल के लीडर जीतू दानू ने कहा कि इस तरह के साहसिक अभियान युवाओं को एडवेंचर टूरिज्म की ओर आकर्षित करते हैं। साथ ही इससे बागेश्वर जैसे पर्वतीय क्षेत्रों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिलती है।

..........................................................

ऑपरेशन प्रहार

मुख्यमंत्री के निर्देशों पर संपूर्ण प्रदेश में चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून के निर्देशों पर दून पुलिस द्वारा लगातार आपराधिक गतिविधियों में लिप्त अभियुक्तो के साथ–साथ नियमों का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध भी लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में ड्रंक एंड ड्राइव के विरुद्ध विशेष अभियान चलाते हुए पुलिस द्वारा अलग–अलग थाना क्षेत्र में विगत 02 दिनों में शराब पीकर वाहन चलाने वाले 67 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया तथा सभी वाहनों को सीज किया गया। इसके अतिरिक्त अलग–अलग थाना क्षेत्र में सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वाले 35 व्यक्तियों को पुलिस द्वारा थाने लाया गया, जिन्हें थाने पर सख्त हिदायत देते हुए उनके पुलिस एक्ट में चालान किए गए।

..........................................................

राष्ट्रीय लोक अदालत

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की और से उधमसिंहनगर जिले के सभी न्यायालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसमें आपसी सुलह समझौते के आधार पर एमवी एक्ट और पारिवारिक मामलों, प्री लिटीगेसन और बैंकों से लिये गए ऋण के मामले सुलझा गए है। राष्ट्रीय लोक अदालत में वादकारियों को कोर्ट फीस वापसी की सुविधा भी प्रदान की गई। वहीं विभिन्न बैंकों के ओर से ऋण संबंधी मामलों के निस्तारण के लिए स्टॉल लगाए गए। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव ममता पंत ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य आम जन को त्वरित न्याय उपलब्ध कराना है। जिसके बेहतर परिणाम भी देखने को मिले है।

..........................................................

विशेष यातायात प्लॉन लागू

विभिन्न प्रान्तों, जनपदों से देहरादून शहर होते हुए मसूरी, ऋषिकेश, चकराता आदि स्थानों पर वीकेंड के दौरान पर्यटकों एवं स्थानीय नागरिकों की बढ़ती आवाजाही को देखते हुये एसएसपी देहरादून के निर्देशों पर पुलिस द्वारा वीकेंड पर विशेष यातायात प्लॉन लागू किया गया है। जिसमें शहर में यातायात संचालन को प्रभावी एवं व्यवस्थित बनाए रखने के उद्देश्य से यातायात के दबाव वाले क्षेत्रों में अतिरिक्त ड्यूटी प्वाईंट चिन्हित करते हुए वहाँ पुलिस बल को नियुक्त किया गया है। पुलिस द्वारा लागू किए गए विशेष ट्रैफिक प्लान का असर वीकेंड की शुरुआत में ही दिखा, जहां बाहरी प्रदेशों, जनपदों से भारी संख्या में पर्यटक वाहनों के जनपद में आने के बाद भी जनपद में कहीं भी यातायात के दबाव अथवा जाम की स्थिति उत्पन्न नहीं है।

..........................................................

अल्मोड़ा

अल्मोड़ा जिले के सल्ट स्थित झिमार क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित हो रहे हॉटमिक्स प्लांट पर प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए प्लांट को सील कर दिया है। संयुक्त निरीक्षण टीम को जांच के दौरान कई गंभीर अनियमितताएं मिलीं, जिसके बाद मौके पर ही कार्रवाई की गई। बताया जा रहा है कि पिछले करीब दो महीनों से झिमार क्षेत्र में नियमों को दरकिनार कर हॉटमिक्स प्लांट का संचालन किया जा रहा था। स्थानीय लोगों ने प्लांट से पर्यावरण और सुरक्षा को खतरा बताते हुए प्रशासन से शिकायत की थी। मामला मुख्यमंत्री पोर्टल तक पहुंचने के बाद प्रशासन, खनन विभाग और संबंधित अधिकारियों की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। जांच में सामने आया कि प्लांट संचालक ने बिना आवश्यक अनुमति के संचालन शुरू कर दिया था। खनन अधिकारी राहुल नेगी ने बताया कि कई नियमों के उल्लंघन और गंभीर खामियों को देखते हुए प्रशासन ने तत्काल प्रभाव से प्लांट को सील कर दिया।

.........................................................